भारत में विदेशी तकनीकी विशेषज्ञ

1030. श्री राम चरण : क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में विभिन्न प्रौद्योगिकीय इंजीनियरिंग तथा औद्योगिक संस्थापनों में कितने विदेशी तकनीकी विशेषज्ञ काम कर रहे हैं ;

(ख) क्या इन विदेशी तकनीकी विशेषज्ञों के स्थान पर विदेशों में काम कर रहे भारतीय तकनीकी विशेषज्ञों को विदेशी विशेषज्ञों को दिये जाने वाले वेतनमानों पर रखने के सम्बन्ध में कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी): (क) से (ग). जानकारी उपलब्ध नहीं है। प्रश्न का क्षेत्र विस्तृत होने के कारण, जानकारी एकत्र करने में जितना समय और धन लगेगा वह परिणाम के अनुरूप नहीं होगा ।

पढ़े लिखे लोगों में बेरोजगारी

1031. श्री राम चरण :
श्री मोहसिन :

क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पंच वर्षीय योजनाओं के पश्चात् पढ़े-लिखे तथा कम पढ़े-लिखे बेरोज़गार लोगों की संख्या (राज्यवार) क्या थी तथा अब उनकी संख्या क्या है ;

(ख) क्या इन आंकड़ों से यह सिद्ध होता है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बिहार में बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या बहुत अधिक है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संख्या को कम करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी): (क) जानकारी उपलब्ध नहीं है ।

(ख) और (ग): सवाल पैदा नहीं होता ।

मंत्रियों के निजी कर्मचारी

1032. श्री राम चरण : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रधान मंत्री और केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों, राज्य-मंत्रियों और उपमंत्रियों के साथ इस समय काम कर रहे उनके निजी अधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों की वर्गवार संख्या क्या है; और

(ख) उनमें अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम-जातियों के कितने व्यक्ति हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) और (ख). सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

उत्तर प्रदेश में डाकघर की सुविधाएं

1033. श्री राम चरण : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय कितने डाकघर हैं और कितने डाकघरों में बचत बैंक की सुविधाएं उपलब्ध हैं ;

(ख) आगामी दो वर्षों में उत्तर प्रदेश में सरकार का कितने नये डाकघर खोलने का विचार है; और